सत्य का ब्रह्मास्त्र

# स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

सम्पादक-मधुसूदन शर्मा
सह सम्पादक-बृजेश कुमार शर्मा

वर्ष - २ अंक - ३५ सोमवार – २४/०२/२०२५ पृष्ठ – ४ प्रति सोमवार डीजिटल संस्करण

## सम्पादकीय

### AAP का क्या होगा ?

दिल्ली विधानसभा चुनावों के नतीजों ने जहां ठश्रच के लिए खुशियों का कमल खिला दिया है, वहीं शून्य का हैट्रिक लगाने वाली कांग्रेस को भी बीजेपी की हार सुनिश्चित करने का संतोष मिला है। लेकिन जो बात इन चुनाव नतीजों को ऐतिहासिक बनाती है, वह है आंदोलन से निकली पार्टी आप का हश्र। उसकी इस हार के विपक्षी ब्लॉक इंडीयाँ पर पड़ने वाले गंभीर असर से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

सबसे मुश्किल दौर वैसे, लोकतंत्र में किसी पार्टी के लिए चुनाव हारकर सत्ता से बाहर होना कोई अनोखी बात नहीं है। फिर यह भी है कि लगातार दो चुनावों में विपक्ष का लगभग सफाया कर देने वाली आम आदमी पार्टी भले ही सत्ता से बाहर हो गई हो, लेकिन 43.57: वोट उसे इस बार भी मिले हैं। 22 विधायक भी निर्वाचित हुए हैं उसके। यानी मजबूत विपक्ष की भूमिका में वह अब भी बनी रहेगी। फिर भी इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि इन नतीजों के बाद पार्टी अब तक के अपने सबसे मुश्किल दौर में आ गई है। आंदोलन से निकली इस पार्टी की ताकत यह थी कि इसने वैकल्पिक राजनीति के सपनों को पंख दिए थे। इसके सबसे बड़े नेता अरविंद केजरीवाल ईमानदारी और सादगी के पोस्टर बॉय बनकर उभरे थे। लेकिन हाल के दिनों में न केवल केजरीवाल की उस साख पर चोट लगी बल्कि वैकल्पिक राजनीति का पार्टी का दावा भी कमजोर पड़ा। पार्टी के केंद्र में हमेशा से केजरीवाल ही रहे। पूरी पार्टी को एकजुट रखने वाले सबसे मजबूत फैक्टर भी वही थे। अब न केवल दिल्ली की सत्ता उनके हाथ से चली गई है बल्कि वह खुद अपना चुनाव भी हार गए। उन पर कई मुकदमे भी चल रहे हैं। ऐसे में पार्टी के बिखराव का खतरा मंडरा रहा है। देखना होगा कि पार्टी इस खतरे से कैसे निपटती है।

## बागेश्वर धाम में मोदी ने बालाजी कैंसर इंस्टीयूट एंड रिसर्च सेंटर का डिजिटल शिलान्यास किया,पीएम बोले कुछ नेता हमारे पर्व-परंपरा को गाली देते है

**मोदी बोले आज मेने पर्ची निकाली धीरेन्द्र शास्त्री की माँ के मने मे इनके ब्याह की बात चल रही ।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बागेश्वर धाम में कहा– नेताओं का एक दल ऐसा है, जो धर्म का मखौल उड़ाता है। ये हमारे पर्व और परंपराओं को गाली देते रहते हैं। हिंदू आस्था से नफरत करने वाले ये लोग सदियों से किसी न किसी भेष में रहते रहे हैं। ये हमारी मान्यताओं, संस्कृति और मंदिरों पर हमला करते रहते हैं। विदेशी ताकतें भी इन लोगों का साथ देती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले के बागेश्वर धाम में बालाजी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर का डिजिटल शिलान्यास किया। इससे पहले धीरेंद्र शास्त्री ने पीएम नरेंद्र मोदी को बालाजी का विग्रह भेंटकिया। उन्होंने सनातन धर्म पर लिखी किताब और स्मृति चिह्न भीभेंट किया। पीएम ने बागेश्वर धाममें बालाजी के दर्शन भी किए।पीएम मोदी ने बताया कि उन्होंने पंडित धीरेंद्र शास्त्री की माता जी की पर्ची निकाली। इसके बारे में धीरेंद्र शास्त्री ने मंच पर कहा कि प्रधानमंत्री जी माता जी से कह रहे थे कि आपके मन में ब्याह की बात चल रही है। धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि हमने माता जी के प्रति प्रधानमंत्री मोदी जी का भाव देखा तो प्रण लिया कि प्रधानमंत्री जी की माता जी के नाम से इस अस्पताल में एक वार्ड बनाया जाएगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज मैं हनुमान दादा के चरणों में आया तो मुझे लगा क्या ये धीरेंद्र शास्त्री अकेले ही पर्ची निकालेंगे या मैं निकाल पाऊंगा। मैंने देखा कि आज हनुमान दादा की मुझ पर कृपा होती है या नहीं होती है, तो हनुमान दादा जी ने मुझे आशीर्वाद दिया और मैंने आज पहली पर्ची निकाली, उनकी माता जी की पर्ची निकाली। जिसकी बात शास्त्री जी ने बता दी।

## छ:साल रिजर्व बैक के गवर्नर रहे अब पीएम के प्रिंसिपल सेक्रेटरी बनाए गए शक्तिकांत दास

**रिटायर के ७९ दिन बाद पीएओ पहुँचे शक्तीकांत**



रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर शक्तिकांत दास को प्रधानमंत्री मोदी का प्रिंसिपल सेक्रेटरी–2 नियुक्त किया गया है।

कैबिनेट की अपॉइंटमेंट कमेटी ने शनिवार को यह नियुक्ति की है। कमेटी के सेक्रेटरी मनीष सक्सेना ने नियुक्ति की जानकारी दी।दास गवर्नर के पद से 10 दिसंबर को रिटायर हुए थे। 22 फरवरी को उन्हें पीएम का प्रिंसिपल सेक्रेटरी नियुक्त किया गया है।फिलहाल पीके मिश्रा प्रधानमंत्री मोदी के प्रिंसिपल सेक्रेटरी के नंबर वन पॉजिशन पर हैं। शक्तिकांत दास नंबर 2 होंगे।

## जलजीवन मिशन के तहत 27 हजार से अधिक नल कनेक्शन से लाखो जन बुझा रहे प्यास।

**कटनी जिले की जनता ले रही घर-घर पानी पहुँचाने वाली महत्वकाँक्षी योजना का लाभ।**

**अभीलाषा तिवारी कटनी (स्वतंत्र बौद्धिकपत्र) @** जल जीवन मिशन के माध्यम से हर घर तक पानी पहुंचाने की सरकार की महत्वकांक्षी योजना का लाभ जिले के रहवासियों को भी मिलने लगा है। सरकार की मंशानुरूप कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर जिले में नलजल योजनाओं को तेज गति से पूरा करने के साथ ही घर–घर नल कनेक्शन देने का कार्य लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग कराने में जुटा हुआ है ताकि हर व्यक्ति तक शुद्ध पेयजल पहुंच सके।

जल जीवन मिशन के तहत नवीन व पुरानी योजनाओं के माध्यम से अभी तक जिले में 27 हजार छह सौ 46 नल कनेक्शन दिए गए हैं और उसके माध्यम से एक लाख से अधिक की आबादी की प्यास बुझ रही है। इसके साथ ही अन्य नलजल योजनाओं को पूरा करने का कार्य भी तेज गति से कराया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक लोगों तक शुद्ध पेयजल पहुंच सके। इसके लिए

कलेक्टर श्री मिश्रा जल जीवन मिशन के कार्यों की खुद मॉनिटरिंग कर रहे हैं तो अधिकारियों को भी मौके पर भेजकर कराए जा रहे कार्यों की गुणवत्ता की जांच कराई जा रही है। 16 नवीन योजनाओं का कार्य पूर्ण – कार्यपालन यंत्री पीएचई एसएल कोरी ने बताया कि जल जीवन मिशन योजना के तहत जिले में 349 योजनाओं का कार्य कराया जाना है। जिसमें से अभी तक 16 नलजल योजनाओं को कार्य पूर्ण कर दिया गया है और लोगों के घरों तक पानी पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। इसी तरह 65 नलजल योजनाओं का कार्य लगभग पूर्णता की ओर है और 180 योजनाओं में टेंडर आदि की प्रक्रिया जारी है। श्री कोरी ने बताया कि घरों तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने के साथ ही शासकीय स्कूलों, आंगनबाड़ी केन्द्रों में भी प्राथमिकता के आधार पर पेयजल की उपलब्धता के प्रयास विभाग द्वारा किए जा रहे हैं।

## केन्द्र सरकार एडवोकेट बिल में बदलाव को तैयार,कानुन मंत्री बोले हर मुद्दे की जाँच करेंगे अधिकतर राज्यो के वकील विरोध में

**१९६१ के एडवोकेट एक्ट में बदलाव के लिए अमेंडमेंट बिल लाने की तैयारी मे सराकर**



केंद्र सरकार 1961 के एडवोकेट एक्ट में बदलाव करने के लिए अमेंडमेंट बिल लाने की तैयारी में है। एडवोकेट अमेंडमेंट बिल 2025 को लेकर देशभर में वकीलों के विरोध के बाद केंद्र सरकार ने बिल में बदलाव करने का फैसला किया है। कानून मंत्रालय ने शनिवार (22 फरवरी) को बयान जारी कर कहा– सरकार ने वकीलों की आपत्तियों के मद्देनजर बिल में बदलाव का फैसला लिया है।कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने आश्वासन दिया कि बिल को अंतिम रूप देने से पहले सरकार सभी मुद्दों की अच्छी तरह से जांच करेगी और जरूरी कदम उठाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार ऐसा कोई प्रावधान नहीं करेगी । जिससे कानूनी पेशे की आजादी और गरिमा कमजोर हो।केंद्र सरकार कानून में सुधार के लिए बिल ला रही – केंद्र सरकार 1961 के एडवोकेट एक्ट में बदलाव करने के लिए अमेंडमेंट बिल लाने की तैयारी में है।

लोगों के सुझाव के लिए बिल का फाइनल ड्राफ्ट सामने आने पर देशभर के वकील बिल के विरोध में आ गए थे। बार काउंसिल ऑफ इंडिया समेत देश के अधिकांश बार काउंसिल ने केंद्र सरकार से बिल वापस लेने की मांग की थी। ऐसा न करने पर देशभर में हड़ताल की बात कही थी।

## तेलंगाना टनल हादसे मे चोबीस घण्टे से फँसे आठ मझदुर ,अंदर आवाज दी पर रिस्पॉस नही मिला - एनडीआरएफ

**पानी निकालॆ नॆ कॆ लिए १०० एचपी कॆ पम्प लगाए**



तेलंगाना के नागरकुर्नूल जिले में श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल टनल हादसे में 8 मजदूर पिछले 24 घंटे से फंसे हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन में फिलहाल दिक्कत आ रही है। टनल के अंदर पानी भरा है। एसडीआरएफ के अधिकारी के मुताबिक, सुरंग के अंदर जाने का कोई रास्ता नहीं है। घुटनों तक कीचड़ है। सुरंग के अंदर ऑक्सीजन भेजी जा रही है। पानी निकालने के लिए 100 हॉर्स पॉवर का पंप मंगवाया गया है। रेस्क्यू के लिए एनडीआरएफ के 145 और एसडीआरएफ के 120 जवान तैनात हैं। सेना की एक इंजीनियर रेजिमेंट, जो सिकंदराबाद में इन्फैंट्री डिवीजन का हिस्सा है। उसे भी स्टैंड बॉय पर रखा गया है। यह हादसा 22 फरवरी की सुबह हुआ था। टनल के एंट्री पॉइंट से 14 किमी अंदर टनल की छत का करीब 3 मीटर हिस्सा ढहा है। इस दौरान करीब 60 कर्मी काम कर रहे थे। बाकी मजदूर टनल से निकल गए, लेकिन टनल बोरिंग मशीन चला रहे कर्मी फंस गए। इनमें दो इंजीनियर, दो मशीन ऑपरेटर और चार मजदूर हैं।

## केंद्र के साथ छठी मीटिंग में भी कोई हल नही निकला एमएसपी की गारंटी पर अड़े रहे किसान

आंदोलनकारी किसानों और केंद्र के बीच चंडीगढ़ में हुई छठी मीटिंग में भी कोई हल नहीं निकला। ढाई घंटे चली मीटिंग में किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी की मांग पर अड़े रहे। उन्होंने केंद्र के सामने आंकड़े रखे। अब अगली मीटिंग 19 मार्च को चंडीगढ़ में ही होगी। मीटिंग के बाद केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा– श्बैठक अच्छे माहौल में हुई। हमने मोदी सरकार की प्राथमिकताएं किसानों के सामने रखीं। किसानों की भी बातें सुनीं। किसानों के पास अपने आंकड़े हैं और केंद्र सरकार के पास अपना डेटा है। दोनों आंकड़ों को मिलाया जाएगा। उधर, किसानों का 25 फरवरी को दिल्ली कूच का प्रोग्राम है। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा था कि अगर मीटिंग में हल नहीं निकला तो दिल्ली कूच होगा।



डिजीटल संस्करण
https://sbpatra.in
पर उपलब्ध



सत्य का ब्रह्मास्त्र

# स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

स्वतंत्र बौद्धिक पत्र (समाचार पत्र)

https//:sbpatra.in

पर डिजिटल संस्करण उपलब्ध

YouTube

SWATANTRA BODDHIK PATRA

खबरों के लिए लोगिंन करे !

https://sbpatra.in/




(1) गुगल सर्च करे - https://sbpatra.in/

(2) होम पेज पर केटेगिरी मे जाए

(3) ई-पेपर केटेगिरी चुने

(4) समाचार पत्र आपके सामने क्लिक करे !

# नि:शुल्क ई-पेपर प्रति सोमवार को वेब पोर्टल https://sbpatra.in/ से डाउनलोड कर सकते है।



# पाकिस्तान में होली खेलने वाले हिंदु-मुस्लिम छात्रों पर एफआईआर कराची युनिवर्सिटी ने कैंपस में एंट्री बैन की कट्टरपंथियो ने भी धमकाया

मिडिया रिपोर्ट के अनुसार होली खेलने पर युनिवर्सीटी प्रशासन ने कडा रूख अपनाया ।

पाकिस्तान में कराची की दाऊद यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में होली खेलने पर हिंदू और मुस्लिम छात्रों पर एफआईआर दर्ज करा दी गई है। 21 फरवरी को दोनों समुदाय के कुछ छात्रों ने यूनिवर्सिटी परिसर में होली का त्योहार मनाया था।

इसके कुछ वीडियो भी सामने आए। यूनिवर्सिटी प्रशासन ने होली खेलने वाले छात्रों को शोकॉज नोटिस जारी कर उनकी कैंपसमें एंट्री तक बंद कर दी। साथ ही छात्रों को 24 फरवरी को पेरेंट्स क` साथ यूनिवर्सिटी में पहुंचने को कहा।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस घटना पर यूनिवर्सिटी प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। छात्रों को यूनिवर्सिटी से निकालने की चेतावनी दी गई है। इस्लामी कट्टरपंथियों ने होली खेलने के दौरान हिंदू छात्रों को डराने की कोशिश की।

# ट्रम्प का बाइडेन पर भारतीय चुनाव में दखल का आरोप , पूर्व राष्ट्रपति किसी और को जिताना चाहते थे, इसके लिए 182 करोड़ का फंड दिया - ट्रम्प

राष्ट्रपति बनने से पहले सरकारी खजाने का मनामने ढंग से उपयोग किया जा रहा था।



ट्रम्प ने कहा कि मेरे राष्ट्रपति बनने से पहले सरकारी खजाने का मनमाने तरीके से इस्तेमाल हो रहाथा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन पर एक और आरोप लगाया है। उन्होंने कहा– बाइडेन का प्लान भारत में किसी अन्य नेता (नरेंद्र मोदी के अलावा) को चुनाव जिताने का था। ये बड़ा खुलासा है, हम इस बारे में भारत सरकार को बताएंगे। ट्रम्प अमेरिकी शहर मियामी मेंसऊदी सरकार की फ्यूचर इंवेस्टमेंट इनिशिएटिव समिट में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा, यूनाइटेडस्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट ने वोटर टर्नआउट बढ़ाने के नाम पर भारत को 182 करोड़ रुपए का फंड दिया। अमेरिकी चुनाव में रूस ने सिर्फ 2 हजार डॉलर (1.73 लाख रुपए) का इंटरनेट विज्ञापन दिया तो मुद्दा बना था, जबकि अमेरिका भारत को बड़ी रकम दे रहा था।

# अमेरिका से निकाले गए तीन सौ अप्रवासी पनामा में कैद इनमे कई भारतीय

लोगो से मदद की गुहार लगाते हुए अपने देश जाने को तैयार नही



पनामा के एक होटल में 15 फरवरी से अप्रवासियों को कैद करके रखा गया है। होटल के बाहर सुरक्षा तैनात की गई है। अमेरिका ने 300 अवैध अप्रवासियों को डिपोर्ट करके पनामा भेजा है। यहां इन लोगों को एक होटल में हिरासत में रखा गया है। इन अप्रवासियों में भारत के अलावा नेपाल, श्रीलंका, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, चीन, वियतनाम और ईरान के लोग शामिल हैं। ये लोग अपने देश लौटने को तैयार नहीं हैं। होटल की खिड़कियों से ये लोग मदद की गुहार लगा रहे हैं। कुछ लोग कागजों पर श्हमारी मदद करेंश और श्हमें बचाएंश लिखकर खिड़की से दिखा रहे हैं। अमेरिका अवैध अप्रवासियों को उनके देश डिपोर्ट करने के लिए पनामा को पड़ाव के तौर पर इस्तेमाल कर रहा है। इसके लिए पनामा के अलावा ग्वाटेमाला और कोस्टारिका के साथ भी करार किया है।

# जेलेंस्की को मामूली कॉमेडियन ओर तानाशाह बताया ओर कहा वो बिना चुनाव के राष्ट्रपति - ट्रम्प

जेलेस्की ने कहा डोनाल्ड ट्रम्प गलतफहमी मे जी रहे है दोनो की बयानबाजी खुलकर सामने



पिछले 24 घंटों में ट्रम्प और जेलेंस्की की बयानबाजी से दोनों के बीच मतभेद खुलकर सामने आए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के बीचजुबानी जंग शुरू हो गई है। ट्रम्प ने बुधवार को अपने मार–ए–लागो रिसोर्ट में दिए एक बयान में जेलेंस्की को तानाशाह कहा है। इससे दोनों नेताओं के बीच विवाद गहरा गया है। इससे पहले जेलेंस्की ने कहा कि ट्रम्प गलत जानकारी के साथ, गलतफहमी में जी रहे हैं। जेलेंस्की का ये बयान ट्रम्प के एक आरोप के जवाब में आया था। दरअसल ट्रम्प ने मंगलवार को कहा था कियूक्रेन में जेलेंस्की की अप्रूवल रेटिंग गिरकर सिर्फ 4: रह गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने बुधवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट भी की। इस पोस्ट में उन्होंने जेलेंस्की को एक मामूली कॉमेडियन और बिना चुनाव वाला एक तानाशाह बताया।

# इजराइल की तीन बसो मे बम धमाके ,आंतकी हमले का शक पार्किंग मे खाली पडी थी बसे देश भर मे यातायात सेवा रोकी



इजराइल की राजधानी तेल अवीव में गुरुवार देर रात 3 बसों में सिलसिलेवार बम धमाके हुए।। ये बसें बाट याम और होलोन इलाकों की पार्किंग में खाली खड़ी थी। धमाकों में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

पुलिस ने आतंकी हमले की आशंका जताई है। दो अन्य बसों में भी बम मिले हैं। इजराइली पुलिस ने कहा कि कुल पांच बम एक जैसे थे और टाइमर से लैस थे। बम स्क्वॉड ने निष्क्रिय किए गए बमों को सुरक्षित तरीके से हटा दिया है। टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के मुताबिक बम शुक्रवार सुबह धमाके के लिए रखे गए थे। लेकिन इनके टाइमर गलत तरीके से सेट किए गए थे, जिससे रात में विस्फोट हो गया। धमाकों के बाद नेतन्याहू ने इजराइल डिफेंस फोर्सेस को वेस्ट बैंक में उग्रवादी ठिकानों में बड़े पैमाने पर ऑपरेशन शुरू करने का आदेश दिया है। सरकार ने सुरक्षा के मद्देनजर देशभर में बस और रेल सर्विस को रोक दिया है।

# चीन-रूस पर ट्रम्प का दोहरा रवैया - इनके अवैध अप्रवासियों को पैसेंजर प्लेन से भेज रहे

भारत में मिलिट्री प्लेन से भेजा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के शपथग्रहण के 30 दिन पूरे हो गए हैं। इस दौरान ट्रम्प ने हजारों अवैध अप्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सैन्य विमान से डिपोर्ट किया है। हालांकि इस मामले में ट्रम्प का दोहरा रवैया नजर आया है। चुनाव से पहले चीन को धमकाने वाले ट्रम्प अब चीन–रूस के 3 लाख अवैध प्रवासियों को डिपोर्ट करने के लिए सैन्य विमान नहीं भेज रहे हैं। अमेरिकी गृह मंत्रालय के मुताबिक चीन के 2 लाख 60 हजार और रूस के 30 हजार से ज्यादा अवैध अप्रवासी हैं। इन्हें पैसेंजर फ्लाइट्स से डिपोर्ट किया जा रहा है। ट्रम्प चीन और रूस पर मेहरबान नजर आ रहे हैं। अमेरिकी रूसी अरबपतियों को संपत्ति को जब्त करने वाले आयोग को भंग कर चुके हैं। ट्रम्प ने पहले चीन पर 25: टैरिफ की धमकी दी, लेकिन 10: ही लगाया।

# जेलेस्की से बात करने को तैयार पुतिन ने कहा जंग रोकने के लिए किसी भी समझोते से युक्रेन को बाहर नही रखा जाऐगा

पुतिन के अनुसार रूस युक्रेन से बात करने को तैयार है पर युक्रेन ही रूस से बात करने से इंकार करता आया ।



रूसी राष्ट्रपति पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की आखिरी बार दिसंबर 2019 में फ्रांस में मिले थे। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बुधवार को कहा है कि वे यूक्रेन के साथ बातचीत करने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि जंग रोकने के लिए किसी भी समझौते से यूक्रेन को बाहर नहीं रखा जाएगा। दरअसल, मंगलवार को सऊदी अरब में हुई रूस और अमेरिका के बातचीत पर जेलेंस्की ने नाराजगी जताई थी। उन्होंने कहा कि बैठक में हमें न बुलाया जाना हैरान करने वाला है। कोई भी डील हमसे बात किए कैसे हो सकती है। रूस की इंटरफैक्स और टास एजेंसी के मुताबिक, पुतिन ने कहा कि रूस और अमेरिका के बीच भरोसा बढ़ाए बिना यूक्रेन युद्ध समेत कई मुद्दोका हल नहीं निकाला जा सकता है। रियाद में हुई बैठक का यही मकसद था। पुतिन ने ये भी कहा कि रूस ने कभी यूरोप या यूक्रेन से बात करने से इनकार नहीं किया। बल्कि यूक्रेन ही अब तक रूस से बात करने से इनकार करता आया है। पुतिन ने कहा– हम किसी पर कुछ भी नहीं थोप रहे। हम बात करने के लिए तैयार हैं। ये हम सैकड़ों बार कह चुके हैं। अगर वे राजी हैं, तो बातचीत होने दीजिए। कोई यूक्रेन को किसी समझौते से बाहर नहीं कर रहा है।

सऊदी अरब के रियाद में 4:30 घंटे चली बैठक में रूस–अमेरिका के विदेश मंत्रियों समेत अन्य नेता शामिल हुए थे। इस बैठक में दोनों देशों ने सबसे पहले अपने आपसी रिश्ते सुधारने की पहल की। इसमें सहमति बनी कि दोनों देश जल्द से जल्द अपने दूतावासों को चालू करेंगे। यहां स्टाफ की भर्ती करेंगे, ताकि दोनों देशों के बीच तनाव की स्थति न बने। यूक्रेन जंग शुरू होने के बाद दोनों देशों ने दूतावास से स्टाफ को निकाल दिया था। करीब तीन साल से दूतावास बंद पड़े थे। पुतिन बोले– ट्रम्प से भी मिलना चाहूंगा – इसके साथ ही पुतिन ने रूस और अमेरिका के बीच हुई बातचीत को अच्छा बताया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों ने बिना किसी पक्षपात के बातचीत में हिस्सा लिया। उन्होंने ये भी कहा कि वे ट्रम्प से मिलना चाहेंगे लेकिन इस बैठक की तैयारी करनी बाकी है।

# भास्कर वर्ल्ड अपडेट्सरूभारतीय मूल के काश पटेल एफबीआई चीफ बने, सीनेट ने मंजूरी दी

ट्रम्प प्रशासन में भारतवंशी काश पटेल को एफबीआई डायरेक्टर की जिम्मेदारी मिली है। सीनेट ज्युडिशियरी कमेटी में काश पटेल के नाम पर 30 घंटे तक बहस हुई। इसके बाद यूएस सीनेट से उनके नाम पर मंजूरी दे दी है। काश पटेल भारतीय प्रवासी के बेटे हैं। उनका जन्म एक गुजराती परिवार में हुआ था। काश पटेल के माता–पिता युगांडा के शासक ईदी अमीन के देश छोड़ने के फरमान से डरकर 1970 के दशक में भागकर कनाडा के रास्ते अमेरिका पहुंचे थे। 1988 में पटेल के पिता को अमेरिका की नागरिकता मिलने के बाद एक एरोप्लेन कंपनी में नौकरी मिली।

खबरों के लिए लोगिंन करे

https://sbpatra.in/

स्वत्वाधिकार सम्पादक प्रकाशक मधुसूदन शर्मा / डिजिटल संस्करण प्रति सोमवार स्वतंत्र बौद्धिक पत्र समाचार पत्र की आधिकारीक बेवसाइट https://sbpatra.in/ पर उपलब्ध है। अन्य वेब या डिजिटल माध्यमों पर इसे प्रकाशित या इस नाम से , अन्य सामग्री जैसे समाचार पत्र प्रकाशन या इस नाम से कोइ वेब डोमेन खरीदना , दण्डनीय अपराध होगा ,ऐसा करने पर वैधानिक कार्यवाही की जा सकती है । - सम्पादक मधुसूदन शर्मा